

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद


MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17


# यशोन्नति


दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें



वर्ष 8+16 अंक 32 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 30 सितंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## भाजपा और कांग्रेस में होगा जबरदस्त घमासान



### 33 वर्षो से कांग्रेस भोग रही वनवास

सिवनी यशोः- जिले की चार विधानसभाओं में जिला मु यालय की सिवनी विधानसभा सीट से कांग्रेस पिछले 33 सालों से मात खा रही है और इस विधानसभा में आगामी समय में भी कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर बहुत अधिक संभावनाओं भरा नजर नहीं आ रहा है परंतु कांग्रेस भाजपा की अंदरूनी गुटबाजी को लेकर संभावनाओं से लबरेज नजर आ रही है। कांग्रेस सिवनी विधानसभा में अंतिमबार 1985 में जीती थी और रमेश चंद जैन विधायक निर्वाचित हुये थे रमेश चंद जैन के पश्चात से वर्ष 1990 से कांग्रेस सिवनी विधानसभा में लगातार हार रही है और यहाँ से निर्दलीय विधायक तक निर्वाचित हो गया परंतु कांग्रेस को जनता ने वोट नहीं दिया। हालांकि इस बार कांग्रेस का जिला संगठन सिवनी विधानसभा सहित पूरे जिले में अपनी ताकत बढाता रहा है और कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजकुमार के नेतृत्व में कांग्रेस ने काफी मेहनत की है परंतु भाजपा ने भी इस बार संगठन की ताकत को बूथ स्तर तक बढाया है।

**कांग्रेस जिताऊ चेहरे के साथ भाजपा की अंदरूनी गुटबाजी से आशांवित**

वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस जीताऊ चेहरे को सामने लाने का प्लान कर रही है वहीं भाजपा में गुटबाजी का बड़ा तूफानी नजारा दिखाई दे रहा है और यह जिस स्तर तक बढ रहा है उससे प्रतीत होता है कि गुटिय संघर्ष भाजपा के लिये बडे नुकसान का कारण बन सकता है हालांकि इस प्रकार की दुर्भावनापूर्ण गुटबाजी भाजपा में पहली बार महसूस की जा रही है और यह केवल सिवनी विधानसभा तक सीमित नहीं है इस प्रकार के खतरनाक रोग से भाजपा चारों विधानसभाओं में बुरी तरह ग्रसित है। वहीं कांग्रेस इस बार आपसी मतभेदों को दरकिनार कर केवल जीत पर अपना फोकस किये हुये है।

**भाजपा में मुनमुन के साथ है अनेक अनुकूलताएँ**

विधानसभा चुनाव में पार्टियों के द्वारा प्रत्याशी कौन होगा यह भी राजनैतिक पार्टियों के लिये महत्वपूर्ण होगा। विभिन्न प्रकार के सर्वे और राजनैतिक चर्चाओं से भाजपा की ओर से सिवनी विधानसभा के लिये वर्तमान विधायक दिनेश राय मुनमुन, सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, राजेश त्रिवेदी, आलोक दुबे, नरेश दिवाकर सामने आ रहे है वहीं कांग्रेस से पार्टी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, राजा बघेल, लल्लू बघेल, आनंद पंजवानी, मोहन सिंह चंदेल, सुहेल पाशा, घनश्याम सनोडिया सहित अन्य नाम है। भाजपा में चल रहे नाम में वर्तमान विधायक दिनेश राय मुनमुन पूरी तैयारी में है और उनके पास भाजपा संगठन के साथ ही बाहरी ताकत और लाव लश्कर भी इतना अधिक है कि कांग्रेस आज की स्थिती में उन्हीं से अधिक भयभीत है और उनके पास विकास के कार्य बताने के लिये लंबी सूची है और ग्रामीण क्षेत्रों में हुये कार्य से ग्रामीण जनप्रतिनिधि खुश है सरपंच सचिवों एवं ग्रामीण क्षेत्र में कार्य कराने वाले छोटे छोटे ठेकेदारों का बड़ा वर्ग उनके प्रति समर्पित भाव से कार्य करने के लिये उत्सुक है।

**कमीशनबाजी और भ्रष्टाचार से निर्लिप्त है मुनमुन राय**

वहीं वर्तमान विधायक के साथ एक मजबूत समर्थको का वह तबका भी है जिसने अनेक अवसरों पर उनसे सहजता से सहयोग लिया है। दिनेश राय मुनमुन के लिये यह अनुकूल पक्ष है कि उनके द्वारा जरूरतमंदों की सहयाता तत्काल की जाती है सामाजिक संगठनों,धार्मिक संगठनों, खिलाड़ियों सहित अनेक संगठनों को विधायक श्री राय ने हर समय मदद की है। भाजपा से विधायक दिनेश राय के अपने व्यक्तिगत समर्थको का बड़ा कुनबा है और सबसे बड़ी बात वे कमीशनबाजी और भ्रष्टाचार के कलंक से बेदाग रहे है। हालांकि दिनेश राय संगठन के कुछ व्यक्ति का लंबे समय से विरोध का समाना कर रहे है और इनके लिये मुश्किल बने हुये है चल रही चर्चाओं के और संगठन की सहित दिनेश राय मुनमुन की तैयारियों से अनुमान लगाया जा सकता है कि भाजपा की ओर से दिनेश राय मुनमुन ही प्रत्याशी हो सकते है। वहीं तीन दशक से अधिक समय से वनवास काट कर रही कांग्रेस बजेश लल्लू बघेल या राजा बघेल को प्रत्याशी सिवनी विधानसभा से प्रत्याशी घोषित कर सकती है। ब्रजेश लल्लू बघेल कांग्रेस जिलाध्यक्ष के विश्वास पात्र है वही जिला पंचायत में बघेल जाति प्रमाण अवैध हो जाने से जिला पंचायत अध्यक्ष पद से वंचित रह गये। कांग्रेस की ओर से राजा बघेल की सक्रियता इस बात की ओर इशारा कर रही है कि उन्हें कांग्रेस ने संकेत दिया है कि वे कांग्रेस से प्रत्याशी होंगे।

**कांग्रेस को 18 माह का कार्यकाल करेगा परेशान**

सिवनी विधानसभा में कांग्रेस विधायक और सरकार पर आरोपों की बौझार के साथ चुनाव मैदान में होगी और कांग्रेस भाजपा पर विकास के मुद्दे पर भाजपा को घेरेगी विधायक की मनमानी की बात करेगी और काफी आक्रमक रहेगी। वहीं भाजपा सिवनी में हुये विकास कार्यो के आधार पर चुनाव मैदान में बड़ी टीम के साथ रहने वाली है भाजपा की बूथ स्तर तक सेना तैयार है भाजपा का दावा है कि बूथ स्तर तक बनी यह टीम चुनाव के अंतिम समय तक पूरी जि मेदारी से मतदाताओं के विभिन्न वर्गो के साथ डटी रहेगी। भाजपा अपने विकास कार्यो और उपलब्धियों को अस्त्र बनाने के साथ कांग्रेस सरकार के 18 माह के कार्यकाल की तानाशाही और आम जनता को परेशान करने वाली घटनाओं से कांग्रेस की कलई खोलेगी और कांग्रेस की जनविरोधी कार्य शैली का चित्रण करेगी बतायेगी की कांग्रेस ने 18 माह के कार्यकाल में किसान, सरकारी कर्मचारी, मजदूरऔर व्यापारी वर्ग को किस तरह परेशान किया। भाजपा कांग्रेस के समय हुये भ्रष्टाचार की लंबी फेहरिस्त लेकर तैयार है और कांग्रेस के कार्यकाल में जनकल्याणकारी योजनाएँ बंद की गयी थी वह बताते हुये लाडली बहना सहित अन्य योजनाओं से मिल रहे लाभ बंद हो जाने की बात कहेगी। वहीं कांग्रेस भी अनेक प्रकार के भ्रष्टाचार पर भाजपा को घेरेगी।

## कार्य प्रारंभ न करने वाली एजेंसियों को टर्मिनेट किया जाए अनुबंध- कले टर

### जल जीवन मिशन की बैठक में कले टर ने दिए निर्देश



सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार 29 सितंबर को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रगतिरत समूह एवं एकल नल जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन पंवार, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी तथा सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति थे। कले टर श्री सिंघल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े विकासखंडवार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से चर्चा उपरांत ऐसे सभी कार्य जो वर्क आर्डर उपरांत भी नियत समय सीमा में प्रारंभ नहीं हुए हैं, स बन्धित एजेंसी का अनुबंध टर्मिनेट करते हुए बैंक गारंटी राशि को राजसात करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित शिक्षा, जनजाति कार्य विभाग तथा महिला बाल विभाग विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल एवं आंगनबाड़ी में बिना कार्य पूर्ण हुए योजना का हैंडोवर लेने वाले कर्मचारियों पर भी कार्यवाही सुनिश्चित करे।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा आयोजित नेत्र शिविर केकड़ा एवं चमारी ग्राम मे आज

सिवनी यशोः-आज दिन शनिवार 30 सितंबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन* जी द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन केकड़ा एवं चमारी ग्रामों में किया जावेगा। सांई नेत्रा आई केयर संस्थान सिवनी एवं सक्षम भारत संस्था दादा वीरेंद्र पुरी आई हास्पिटल जबलपुर के माध्यम से विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा विधानसभा क्षेत्र सिवनी के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में नेत्र रोगियों के उपचार हेतु आयोजित निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर के अंतर्गत आज 30 सितंबर *प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे ग्राम केकड़ा एवं दोपहर 02:00 से 05:00 बजे तक ग्राम चमारी में शिविर ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया है। जिसमें नेत्र विशेषज्ञ डा. योगेन्द्र पटेल द्वारा नेत्र रोगियों की जांच की जावेगी। शिविर में आने वाले नेत्र रोगियों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लाना अनिवार्य है। उक्त शिविर में नेत्र रोगियों से अधिक से अधिक सं या मे पहुंचकर लाभ लेने का आग्रह है।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक स पन्न



सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल एवं विधायक दिनेश राय की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक जिला चिकित्सालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन एवं अन्य बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

बैठक में जिला चिकित्सालय के बाहर वाहन पार्किंग स्टैण्ड की अनियमित्तओं को लेकर निर्देशित किया कि चिकित्सालय परिसर में पार्क होने वाले वाहनों से ही पर्किंग शुल्क वसूल किया जाए। मरीजों को छोड़कर तत्काल वापस लौटने वाले वाहनों से किसी भी प्रकार शुल्क वसूल न हो। इसी तरह चिकित्सालय के गेट में की जा रही वसूली तत्काल रूप से बंद की जाए। इसी तरह ऐ सरे रूम में सीपेज की समस्या एक सप्ताह के भीतर मर मत करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए। इसी तरह बैठक में फर्मासिस्ट की नियुक्ति, आवश्यक दवाईयों के भण्डारण के साथ साथ अन्य जरूरी निर्माण एवं मर मत कार्य रोगी कल्याण फण्ड से कराए जाने की अनुशंसा की गई।

## अग्रवाल समाज समिति की साधारण आम सभा आज

सिवनी यशोः- अग्रवाल समाज समिति की वार्षिक साधारण आम सभा 30 सितंबर दिन शनिवार को श्री अग्रसेन भवन परिसर लूघरवाडा में दोपहर 3 बजे से आयोजित की गई है। इसमें नियमानुसार आय-व्यय की जानकारी सदस्यों की दी जाएगी। सदस्यों के सुझाव के बाद संस्था की कार्यसमिति के चुनाव की तिथि घोषित की जाएगी। प्रवक्ता श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि कोरम के अभाव में आधा घंटा इंतजार करने के बाद मीटिंग प्रांरभ हो सकेगी। इस मीटिंग में केवल संस्था के पंजीकृत सदस्य ही आमंत्रित है। आम सभा की अध्यक्षता अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष श्री श्रवण अग्रवाल करेंगे। संस्था के हित में दिए गए प्रस्तावों या सुझावों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा। संस्था के महासचिव श्री नरेश अग्रवाल ने सभी सदस्यों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल बना कानून

दिल्ली। संसद के विशेष सत्र में पेश करके पारित किया गया महिला आरक्षण बिल अब कानून बन गया है। इस आशय का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम को मंजूरी दे दी गई है, इस अधिनियम के तहत 33 प्रतिशत महिला को आरक्षण मिलेगा। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अधिनियम को मंजूरी देकर अब इसे कानून का रूप दे दिया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सहमति मिलने के बाद भारत सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक के लिए एक गजट अधिसूचना जारी कर दिया है।

## सिवनी ज बो सीताफल क्रेता-विक्रेता स मेलन 4 अ टूबर को

सिवनी यशोः- सहायक संचालक उद्यान सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि कले टर श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा स्थानीय सीताफल उत्पादकों को अच्छा मूल्य दिलाए जाने एवं देश भर के विक्रेताओं को सिवनी में उत?पादित सिवनी ज ?बो सीताफल के क्रय-विक्रय एवं प्रचार-प्रसार हेतु 04 अ ?टूबर 23 बुधवार को प्रातः 12:00 बजे से छपारा विकासखंड के भूतबंधानी सीताफल` लस्टर के खैरमटाकोल ग्राम में क्रेता-विक्रेता स मेलन (Buyer-Seller meet) का आयोजन किया जा रहा है। क्रेता-विक्रेता स मेलन में जिले, म.प्र. एवं प्रदेश के बाहर के समस्त फलों के खरीददार/ FPO एवं प्रसंस्करण इकाईयों के उद्यमी सादर आमंत्रित किया गया है।
स मेलन में भाग लेने हेतु इच्छुक क्रेता अधिक जानकारी के लिए उद्यानिकी विभाग के अधिकारी श्री आर.पी. पटेल उद्यान अधीक्षक विकासखण?ड-छपारा (मो.नं. 9425843435, 8770327302) से संपर्क कर सकते हैं।

## शारदीय नवरात्रि मानने बैठक 30 को

सिवनी यशोः- श्री अनंत विभूषित माता महाकाली मंदिर भैरोगंज में शारदीय नवरात्रि पर्व मनाने हेतु एक आवश्यक बैठक का आयोजन 30 सितंबर शनिवार को रात्रि 70.30 से आयोजित की गई है, बैठक में नवरात्रि पर्व को लेकर आवश्यक विचार विमर्श किया जाएगा द्य मंदिर समिति ने समस्त श्रद्धालु जनों एवं समिति के सभी सदस्यगणों व समिति के सभी पदाधिकारियों से बैठक में उपस्थित हो अपने अपने सुझाव देने का आग्रह किया है।

## नोडल अधिकारियों की बैठक 3 अे टूबर को

सिवनी यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों की बैठक 3 अे टूबर को प्रात- 10 बजे से कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता कले ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### जबरन नॉलेज




## विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से किया गया शंकराचार्य एवं दीदी घाट का लोकार्पण

**रोगी कल्याण समिति की बैठक मे हुए शामिल**



सिवनी यशोः- आज दिन शुक्रवार, 29 सितंबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से शंकराचार्य घाट एवं दीदी घाट का लोकार्पण किया गया। सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम व पंचायत लखनवाड़ा स्थित जीवन दायिनी मां बैनगंगा के पावन तट पर ब्र हलीन द्विपीठाधीश्वर पूज्यपाद जगतगरु स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज एवं पूर्व केबिनेट मंत्री म.प्र. शासन स्वर्गीय सुश्री विमला वर्मा (दीदी) की स्मृति मे विधायक निधि से निर्मित शंकराचार्य घाट व दीदी घाट का लोकार्पण विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से स मानीय जनों की गरिमामय उपस्थिति मे किया गया। ग्राम पंचायत लखनवाड़ा द्वारा आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम मे पहुंचकर विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा सर्वप्रथम घाट मे स्थित मढिया मे भगवान के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तदोपरांत पूर्ण विधि विधान से उक्त घाटों का लोकार्पण किया गया। ज्ञात हो कि लखनवाड़ा के पवित्र बैनगंगा घाट पर श्रद्धालुओं द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन से घाटों के निर्माण हेतु मांग की गयी थी। जिस पर श्री राय द्वारा सहमती व्यक्त कर विधायक निधि से राशि स्वीकृत की गयी थी। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल जी वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला भाजपा, प्रहलाद पटेल कोनियापार, श्रीमती राधा अटल सिंह बघेल सरपंच, देवेन्द्र बघेल उपसरपंच, कमल अग्रवाल, घनश्याम बघेल विधायक प्रतिनिधि, सियाराम डहेरिया सचिव, मनीराम, बब्लू भैया, मोंटी पटेल, महेंद्र भैया, मीनाक्षी, सहित स माननीय जनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन जिला चिकित्सालय के मीटिंग हाल मे कले टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में आयोजित रोगी कल्याण समिति की बैठक शामिल हुए। इस दौरान आपने कहा कि चिकित्सालय में मरीजों को लाने व वापस लेकर जाने वाले दो पहिया, तीन पहिया व चार पहिया वाहनों से परिसर के एन्ट्री गेट पर किसी भी प्रकार की पार्किंग वसूली नहीं की जाएं। सिर्फ परिसर में निर्धारित किए गए पार्किंग स्थल पर पार्किंग करने वाले वाहनों से ही नियमानुसार शुल्क लिया जाए। इसके साथ ही अन्य विषयों पर भी चर्चा किया।उक्त कार्यक्रम के पूर्व मे विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा सिवनी प्रवास पर पहुंचे अनिल राजभर मंत्री उत्तर प्रदेश एवं चुनाव प्रबंधन समिति जिला प्रभारी के करकमलों से भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे की उपस्थिति मे अपने कार्यालय मे भाजपा मंडल करकोटी के ग्राम पद्दीकोना की महिलाओं को मंडल सामग्री प्रदान किया गया।

## बड़ी शानो- शौकत से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी पर्व



छपारा यशोः-28 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर अजीमुश्शान जुलूस निकला गया बड़ी शानो -शौकत के साथ ईद मिलादुन्नबी जुलूस छोटी मस्जिद अखाड़ा चौक से निकला और शहर का ग्रस्त करते हुए चमारी चौगडा से बाजार चौक होते हुए बस स्टैंड फिर संजय कॉलोनी तक जुलूस में लगभग 5 हजार लोगों ने शिरकत किया मरहबा सल्लेअला अजीमुश्शान शहंशाह की मिलाद पर बड़े अदबो एहतराम के साथ शहर का गस्त करता हुआ वापस अखाड़ा चौक छोटी मस्जिद पहुंचकर मगरिब की नमाज के बाद लंगर खाना कराया गया साथ ही मस्जिदों में मिलाद खानी का कार्यक्रम रखा गया इन सारे कार्यक्रमों में बड़ी सं या में लोगों ने शिरकत की ईद मिलादुन्नबी के इस प्रोग्राम में शहर को बैनर झंडा तौरन से सजाया गया ईद मिलादुन्नबी के प्रोग्राम का शहर में जगह-जगह इस्तकबाल किया गया पंडाल लगाकर मिष्ठान पानी की व्यवस्था किया गया कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं पूर्व विधायक ठाकुर रजनीश सिंह के द्वारा ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर पुष्प बरसा कर गले मिलकर ईद मिलादुन्नबी की बधाई दी संजय कॉलोनी में लंगर खाना खिलाया गया युवाओं में ईद मिलादुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम अजीमुश्शान शान शहंशाह के बड़े अदब और एहतराम के साथ नारे बुलंद किये इस अजीमुश्शान जुलूस को छोटी मस्जिद के इमाम शकीरा मौलाना साहब मार्गदर्शन कर रहे थे साथी बड़ी मस्जिद के इमाम नई मस्जिद के इमाम जामा मस्जिद के इमाम एवं बच्चे युवा बुजुर्ग बड़ी सं या में उपस्थित हुए।

## पिछड़ा वर्ग में 32 जाति, उपजाति को शामिल करने 30 सितंबर को जन-सुनवाई

भोपाल । राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग नई दिल्ली द्वारा मध्यप्रदेश राज्य के लिए घोषित पिछड़ा वर्ग जाति/उपजाति/ वर्ग समूह की केन्द्रीय सूची में छूटी हुई 32 जाति/उपजाति/ वर्ग समूह को शामिल करने के लिए 30 सितंबर को जन-सुनवाई की जायेगी। यह म.प्र. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, 2-बी राजीव गांधी भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल कार्यालय में प्रातः 11 बजे होगी। इसमें संबंधित जातियों/उप जातियों/समुदायो के संघ एवं संगठन के प्रतिनिधि, व्यक्ति जो अपना मत अथवा पक्ष रखना चाहते हैं वे उपस्थित हो सकते हैं।

मध्यप्रदेश राज्य के लिए घोषित पिछड़ा वर्ग जाति/उपजाति/ वर्ग समूह की केन्द्रीय सूची में छूटी हुई 32 जाति/उप जाति/ वर्ग समूह शामिल हैं, जिसमें :- लिंगायत, महाकुल (राउत), दवेज, थारवार, जनमालोधी, मनधाव, भोपा, मानभाव, डूकर, कोल्हाटी, दमामी, हरिदास, कोहरी, फूलमाली (फूलमारी), घड़वा, झारिया, कलार (जायसवाल), डडसेना, वोवरिया, लोढ़ा (तंवर), मोवार, रजवार, सुत सारथी, तेलंगा, तिलगा, गोलान, गौलान, गवलान, जादम, गयार/परधनिया, कुड़मी, बया महरा/ कौशल, वया, थोरिया, रूवाला/रूहेला और मुस्लिम धर्मावल बीके÷अब्बासी÷ ÷सक्का÷, खरादी कमलीगर, गोली, घोषी व गवली, संतरास, शेख मेहतर शामिल हैं।

## भारतीय वायुसेना ने प्रदेश सरकार को लड़ाकू विमान तेजस का मॉडल भेंट किया

### एयर मार्शल पांडे से विधानसभा अध्यक्ष श्री गौतम ने भेंट स्वीकार की

भोपाल । भारतीय वायुसेना के एयर मार्शल श्री विभाष पांडे एओसी-इन-सी अनुरक्षण कमान ने गुरूवार को विधानसभा भवन में प्रदेश सरकार को स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस का 1:3 स्केल मॉडल उपहार स्वरूप भेंट किया। विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने प्रदेश सरकार की ओर से तेजस के मॉडल को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश को वायुसेना को गर्व है। मध्यप्रदेश सरकार वायुसेना द्वारा दिये गये उपहार को वर्ष-2023 में वायुसेना द्वारा वायुसेना दिवस के उपलक्ष्य में की जा रही लाय पास्ट के स्मृति-चिन्ह के रूप में सदैव सहेज कर रखेगी।

# ज्ञान की प्रथम पाठशाला परिवार है - रामलाल

## स्वीकार्यता, सामंजस्य और सराहना से चलता है परिवार

### 'भारतीय जीवन दृष्टि और परिवार पर परा' एवं 'चातुर्मास' पुस्तक लोकार्पण संपन्न



भोपाल। अंग्रेजों ने देश को लूटने, बांटने और हीन भावना में डालने का कार्य किया. अगर आपको भारत को समझना है तो इसे भारतीय दृष्टि देखें. आज भारत की संस्कृति को कुटुंब व्यवस्था ने सुरक्षित किया है. परिवार व्यवस्था का अपने यहां महत्व है. मनुष्य परिवार से ही धीरे-धीरे सीखता है. ज्ञान की प्रथम पाठशाला परिवार है. परिवार एकजुट होकर चलना सिखाता है, परिवार सहायक है न कि बाधक. हमारे परिवार कायदा नहीं व्यवस्था है, भय नहीं भरोसा है, शोषण नहीं पोषण है, संपर्क नहीं संबंध है.

जब हम परिवार में रहते हैं तो सभी एकजुट होकर किसी भी प्रकार के आक्रमणों का सामना कर सकते हैं. जैसे पतंग को उसकी डोर ऊपर ले जाती है ऐसे ही परिवार में एक-दूसरे का साथ हमें उंचाई पर पहुंचाता है, इससे कटें नहीं. यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल जी ने 'भारतीय परिवार व्यवस्था एवं वर्तमान चुनौतियाँ' विषय पर बोलते हुए कही. वह अर्चना प्रकाशन न्यास, भोपाल द्वारा सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुस्तक लोकार्पण एवं व्या यान समारोह में मु य वक्ता थे.

उन्होंने देश को जेंडर समानता, सेम से स मैरिज जैसे कई मुद्दों पर में फंसाकर बांटने वाले बताते हुए एन्टी इंडिया लॉबी पर विस्तार से बात की. उन्होंने कहा हमारे परिवार एवं उसमें महिलायें, युवतियां, बच्चे इनके टारगेट पर हैं. इसलिए परिवारों में सदस्य मिलकर अपने बच्चों को इनके जाल में न फंसने दे. बच्चों की विकास में परिवार का महत्वपूर्ण योगदान होता है अपने बच्चों को भारतीय मूल्यों की शिक्षा दें.

उन्होंने कहा आज परिवार को बाधक माना जाने लगा है. लोग कहते हैं परिवार में स्वतंत्रता समाप्त हो जाती है, लेकिन सच तो यह है कि परिवार में लोग एक दूसरे को संभालते हैं. परिवारवाद समाप्त होने से अराजकता उत्पन्न होती है. हमारे ऋषि मुनियों की लिखी बातों को आज का आधुनिक विज्ञान सिद्ध कर रहा है. उन्होंने पाश्चत्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुनिया मे व्यक्ति इकाई है जबकि भारत में परिवार इकाई है.

**एक-दूसरे के सामंजस्य से चलता है परिवार**

परिवार को ठीक चलाने के लिए श्री रामलाल ने ऐ सेप्ट, एडजस्ट और अप्रीशयेशन करने की बात पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि परिवार में एक दूसरे को स्वीकार करें, आपस में सामंजस्य बनाकर चलें और एक दूसरे की सराहना करते चलें. वे बोले कि महर्षि अरविन्द कहते थे ईंट पत्थर से परिवार नहीं बनता बल्कि नैसर्गिक विचारों से परिवार बनता है. श्री रामलाल ने माता-पिता के त्याग और स्नेह का उदाहरण देते हुए उनका महत्त्व व शिव परिवार और उनके वाहनों एवं कबीरदास जी का उदाहरण देते हुए कहा की परिवार सामंजस्य से चलता है. वे बोले परिवार में किसी पर आक्षेप न करते हुए हमें सकारात्मक रहना चाहिए.

**परिवारों की अक्षुण्णता बनी रहे इसलिए भारतीय मूल्यों पर चिंतन करना आवश्यक- मंत्री उषा ठाकुर**

कार्यक्रम की मु य अतिथि मंत्री उषा ठाकुर ने कहा परिवारों की अक्षुण्णता बनी रहे इसलिए भारतीय मूल्यों पर चिंतन करना आवश्यक है. हम सभी के पास ज्ञान का भंडार है, हम वेदों के उत्तराधिकारी हैं, सत्य सनातन को जानते हैं. अब इस प्राप्त ज्ञान को व्यवहारिक ज्ञान के रूप में धरातल पर उठाने की आवश्यकता है. उन्होने सभी से भारत की पावन परंपराओं व् संस्कृति के लिए कार्य करने की बात कही. साथ ही कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं जिन्हें भारत की भूमि जन्म के लिए मिली है.

**इन दो पुस्तकों का हुआ लोकार्पण**

कार्यक्रम में 'भारतीय जीवन दृष्टि और परिवार पर परा' एवं 'चातुर्मास' पुस्तक लोकार्पण हुआ. इन दोनों पुस्तकों के लेखक क्रमशः शिरोमणि दुबे, प्रादेशिक सचिव, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान म.प्र. व वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा जी हैं. अपनी पुस्तकों के बारे में दोनों ही लेखकों ने विचार प्रकट किये. इस कार्यक्रम में मु य अतिथि के रूप में सुश्री उषा ठाकुर मंत्री संस्कृति, धर्मस्व एवं पर्यटन विभाग, मध्यप्रदेश, विशिष्ट अतिथि श्री अशोक पाण्डेय, प्रांत संघचालक, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ, मध्यभारत प्रांत एवं अध्यक्ष अर्चना प्रकाशन न्यास के अध्यक्ष लाजपत आहूजा जी रहे. इस दौरान बड़ी सं या में प्रबुद्ध जन की उपस्थिति रही.

# इसलिए अनंत चतुर्दशी को होता है गणेश विसर्जन

## कहानी प्रथम पूज्य गणपति के विसर्जन की

**जयराम शु ल**



महाभारत समाप्ति के बाद वेदव्यास जी ने उस पर केंद्रित कथा की रचना करने की सोची। समग्र वृत्तांत उनके मस्तिष्क में था, परंतु वह उसे लिखने में असमर्थ थे। तब महर्षि वेदव्यास जी ने परम पिता ब्रह्मा जी का ध्यान किया। ब्रह्मा जी ने उन्हें दर्शन दिए तब वेदव्यास जी ने ब्रह्मा जी को कहा- हे परमपिता मैं महाभारत कथा रचना चाहता हूं, मैं इसको लिखने में असमर्थ हूं ,कृपया आप इस समस्या का समाधान करने की कृपा करें।

ब्रह्मा जी ने उत्तर दिया तुम गणेश जी से विनय करो वे विद्या बुद्धि के देवता है वे ही तु हारी सहायता करेंगे, तब वेदव्यास जी ने गणेश जी का ध्यान किया गणेश जी ने प्रसन्न होकर दर्शन दिए। वेदव्यास जी ने कहा- हे प्रभु मैं आपके दर्शन पाकर धन्य हुआ! गणेश जी बोले- मैं तु हारी भक्ति भाव से अति प्रसन्न हूं, कहो ` या समस्या है? वेदव्यास जी ने कहा- भगवन् मेरे मन और मस्तिष्क में एक कथा ने जन्म लिया है, जिसे मैं महाभारत का नाम देना चाहता हूं परन्तु मैंइसे लिखित रूप देने में समर्थ नहीं हूं। आप महाभारत कथा लिखकर मेरी समस्या को दूर कीजिए। भगवान श्री गणेश जी ने कुछ समय सोचा और कहा- ठीक है मैं महाभारत कथा लिखने के लिए तैयार हूं, परंतु मेरी एक शर्त है कि आपको एक पल भी बिना रुके बोलना होगा। वेदव्यास जी ने कहा- ठीक है प्रभु लेकिन आपको भी मेरे बोले हुए सभी श्लोक को भी ध्यान से समझ कर लिखना होगा। श्री गणेश जी ने कहा- ठीक है ऐसा ही होगा। महर्षि वेदव्यास जी और श्री गणेश जी ने महाभारत कथा बोलना व लिखना प्रारंभ किया। वेदव्यास जी जो श्लोक बोल रहे थे गणेश जी उन्हें जल्दी जल्दी समझ कर लिख रहे थे।

वेदव्यास जी ने सोचा की गणेश जी श्लोक को जल्दी-जल्दी समझ कर लिख रहे हैं। तब वेदव्यास जी ने कठिन श्लोक बोलना प्रारंभ किया जिन्हें गणेश जी को समझने में कुछ समय लगता है फिर वह लिखते हैं, जिससे वेद व्यास जी को कुछ समय मिल जाता दूसरे श्लोक बोलने के लिए। महाभारत काव्य इतना बड़ा था कि महर्षि वेदव्यास जी और गणेश जी ने 10 दिन तक बिना कुछ खाए, बिना रुके निरंतर लिखते रहे। दसवे दिन जब महर्षि वेदव्यास जी ने महाभारत कथा पूर्ण होने के बाद आंखें खोली तो गणेश जी के शरीर का ताप बहुत अधिक बढ़ चुका था। यह देख महर्षि वेदव्यास जी ने गणेश जी को गीली मिट्टी का लेप लगाया लेप लगाने के बाद भी गणेश जी के शरीर का ताप कम नहीं हुआ तो उन्होंने एक जल से भरे बड़े पात्र में गणेश जी को बैठाया तब श्री गणेश जी के शरीर का ताप कम हुआ। जिस दिन वेद व्यास जी गणेश जी को लेने गए थे, उस दिन भाद्रपद की शु ल पक्ष की चतुर्थी थी और जिस दिन महाभारत कथा को पूर्ण किया उस दिन भाद्रपद शु ल पक्ष की चतुर्दशी थी।अतः तब से हम भगवान श्री गणेश जी को भाद्रपद शु ल पक्ष की चतुर्थी से भाद्रपद शु ल पक्ष की चतुर्दशी तक बिठाते हैं । इस बीच गणेश जी की पूजा पाठ करते हैं और हम चतुर्दशी के दिन भगवान श्री गणेश जी को जल में प्रवाहित करते हैं।

(पुराण कथाओं के अनुसार)

## सीधी के एक स्कूल में 50 बच्चों का कर दिया मुंडन, अभिभावक पहुंचे तो थमा दिया टीसी



सीधी। मध्य प्रदेश के सीधी में एक प्राइवेट स्कूल ने 50 से 60 बच्चों का सामूहिक मुंडन करा दिया। अभिभावक इस बात को लेकर स्कूल प्रबंधन से मिलने पहुंचे तो बच्चों को ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) थमा दिया गया। अब जिला शिक्षा अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

मामला जनपद शिक्षा केंद्र मझौली अंतर्गत संचालित श्री आर्यन मेमोरियल पब्लिक स्कूल मड़वास नदहा का है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलाल मिश्रा ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और हायर सेकंडरी स्कूल के एक प्राचार्य को इस मामले की जांच सौंपी है। डीईओ का कहना है कि जांच में स्कूल संचालक दोषी पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्कूल की मान्यता भी रद्द की जा सकती है। नवानगर मड़वास में रहने वाले नौवीं कक्षा के छात्र अंकुश मिश्रा ने कहा कि स्कूल संचालक ने मुंडन कर दिया। हमने मना किया तो भी सुना नहीं। घर पर आए तो माता-पिता ने स्कूल में फोन लगाया। फोन अटेंड ही नहीं हुआ। हेडमास्टर सोनू सर ने ही कटिंग करने वाले को बुलाया और कई बच्चों का मुंडन करा दिया। आर्यन मेमोरियल पब्लिक स्कूल कक्षा आठ तक संचालित होता है। साथ ही प्रतिभा हायर सेकंडरी स्कूल भी चलती है, जहां कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को प्रवेश दिया गया है। मंगलवार को त्रैमासिक परीक्षा देने गए बच्चों का एक साथ मुंडन करा दिया गया। विरोध करने वाले कुछ छात्रों को ट्रांसफर सर्टिफिकेट थमा दिया गया है।

**एबीवीपी ने किया प्रदर्शन**

इस मामले में एबीवीपी ने स्कूल के सामने प्रदर्शन किया। साथ ही स्कूल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मामले में परिजनों ने भी तहसीलदार और जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत दी है। प्रदर्शन के दौरान हालात बिगड़ता देख मड़वास चौकी प्रभारी ने समझाइश के लिए पुलिसकर्मियों को भी भेजा। एबीवीपी छात्रों का आरोप है कि मंगलवार को हिंदू समुदाय में दाढ़ी-कटिंग वर्जित है। इसके बाद भी स्कूल संचालक ने छात्रों की मर्जी के बिना सबका मुंडन करा दिया। मड़वास के नायब तहसीलदार धनकुमार टोप्पो ने कहा कि एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा है। प्रतिभा हायर सेकंडरी स्कूल के छात्रों के साथ` या और` यों हुआ है, इसकी जांच की जा रही है।

**माता-पिता की सहमति से काटे बाल**

श्री आर्यन मेमोरियल स्कूल के संचालक राधेराम साहू ने कहा कि मुंडन की बात गलत है। कुछ बच्चों के बाल काटे गए हैं। उन्हें पिछले तीन महीने से बालों को लेकर हिदायत दी जा रही थी। बच्चे अनुशासनहीनता कर रहे थे। उनके माता-पिता की भी नहीं सुनते थे। इसी वजह से माता-पिता की सहमति से ही बाल काटे गए हैं।

# भोपाल में बनेगा महाराणा प्रताप स्मारक, मु यमंत्री चौहान ने किया शिलान्यास

## भावी पीढ़ी को सही इतिहास पढ़ाना है राज्य सरकार का दायित्व -मु यमंत्री चौहान

*** निरंतर कष्ट सहकर भी राष्ट्रधर्म निभाने की प्रेरणा मिलती है महाराणा प्रताप से**

*** महाराज छत्रसाल का भव्य स्मारक बनेगा मऊ सहानिया (छतरपुर) में**

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार का दायित्व भावी पीढ़ी को सही इतिहास पढ़ाना है। वीरता की प्रतिमूर्ति महाराणा प्रताप की कष्ट सहकर भी राष्ट्रधर्म निभाने की प्रतिज्ञा ने भावी पीढ़ियों को प्रेरित किया है। महाराणा प्रताप की जीवनी, राष्ट्र भक्ति, और उनके बलिदान को महाराणा प्रताप लोक के रूप में भावी पीढ़ी के सामने लायेंगे। इससे भावी पीढ़ी को सही प्रेरणा और दिशा मिलेगी।

मु यमंत्री श्री चौहान भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम के पास महाराणा प्रताप स्मारक के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मु यमंत्री श्री चौहान ने महाराणा प्रताप स्मारक का शिलान्यास किया। मु यमंत्री ने कहा कि स्वराज्य और राष्ट्र धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महाराणा प्रताप का नाम इतिहास में वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम और दृढ़ प्रण के लिए अमर है। उनके जीवन-मूल्यों, देश भक्ति और सामाजिक समरसता से समर्पित महाराणा प्रताप स्मारक भावी पीढ़ी को सही प्रेरणा और दिशा देगा।

बुंदेलखंड के गौरव महाराज छत्रसाल जी के योगदान और अवदान को याद करते हुए मु यमंत्री श्री चौहान ने घोषणा की कि महाराज छत्रसाल के समाधि स्थल मऊ सहानिया (छतरपुर) में उनके जीवन पर भव्य स्मारक बनाया जाएगा। साथ ही धुबेला में वर्तमान संग्रहालय का सुसज्जीकरण और विकास किया जाएगा।

**बचपन से वीर थे महाराणा प्रताप**

मु यमंत्री श्री चौहान ने महाराणा प्रताप की वीरता का उल्लेख करते हुए कहा कि वे बचपन से ही साहसी थे। महाराणा प्रताप ने मेवाड़ के शासक के रूप में बागडोर संभाली। युद्धभूमि में महाराणा को देख मुगलों के पसीने छूट जाया करते थे। महाराणा प्रताप ने मुगल साम्राज्य की विस्तारवादी नीति का विरोध किया और वर्ष 1576 में हल्दीघाटी के युद्ध सहित अकबर के खिलाफ कई बड़े युद्ध वीरतापूर्वक लड़े।




मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व की रक्षा के लिए झालमान, भील सरदार पुंजा और उनकी सेना, ग्वालियर के रामशाह तंवर और उनके पुत्र, हाकिम खाँ सूर और भामाशाह ने अपने प्राणों को दांव पर लगा दिया था। महाराणा प्रताप मुगलों के सामने कभी नहीं झुके।

**महाराणा प्रताप स्मारक मु यमंत्री श्री चौहान के जनमानस से जुड़े रहने के भाव और दूरदर्शिता का परिणाम - केंद्रीय मंत्री श्री तोमर**

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि महाराणा प्रताप स्मारक मु यमंत्री श्री चौहान के जनमानस से जुड़े रहने के भाव और दूरदर्शिता का परिणाम है। महाराणा प्रताप की जीवन और गुणों से प्रेरणा लेकर भारत दुनिया का नेतृत्व करने वाला राष्ट्र बनेगा।

मु यमंत्री श्री चौहान ने महाकाल लोक, एकात्म धाम, रामराजा लोक, सलकनपुर देवी लोक आदि स्थापित करने का संकल्प लेकर राज्य में सांस्कृतिक अ युदय किया है। इस कारण मध्यप्रदेश की प्रतिष्ठा पूरे देश में बढ़ रही है।

**महाराणा प्रताप स्मारक आने वाली पीढ़ी में राष्ट्रीयता का भाव जागृत करेगा - मंत्री सुश्री ठाकुर**

संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर ने कहा कि महाराणा प्रताप स्मारक आने वाली पीढ़ी में आध्यात्मिकता और राष्ट्रीयता का भाव जागृत करेगा। 21वीं सदी के जगतगुरु भारत के निर्माण के लिए महाराणा प्रताप का पावन चरित्र जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। यह स्मारक युगों-युगों तक वीरता, देश भक्ति और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देता रहेगा। मंत्री सुश्री ठाकुर ने महाराणा प्रताप स्मारक के निर्माण के लिए मु यमंत्री श्री चौहान का कोटि-कोटि अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में महाराणा प्रताप स्मारक पर आधारित एनीमेटेट फिल्म का प्रदर्शन किया गया। श्री रामव्रत पाण्डेय और साथी कलाकारों ने महाराणा प्रताप के जीवन पर केंद्रित गीत-संगीतमयी प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर राजस्व परिवहन मंत्री श्री गोविंद राजपूत, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, सहकारिता लोक सेवा प्रबंधन मंत्री श्री अरविंद भदौरिया, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिसोदिया, औद्योगिक नीति एवं निवेश मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री ओ.पी.एस. भदौरिया, खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह,राज्य स्तरीय दीनदयाल अंत्योदय समिति कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष श्री रामपाल सिंह सहित राजपूत समाज के प्रतिनिधि और बड़ी सं या में आमजन उपस्थित थे।

**ऐसा होगा महाराणा प्रताप स्मारक**

महाराणा प्रताप स्मारक की संरचना में कुभलगढ़ दुर्ग से प्रेरित होगी। महाराणा प्रताप की 20 फीट ऊँची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के साथ ही मेवाड़ वंश के गौरव बप्पा रावल, खुमाण प्रथम, महाराणा ह मीर, महाराणा कु भा, महाराणा सांगा एवं उदयसिंह के जीवन चरित्र की प्रदर्शनी दर्शायी जाएगी। महाराणा की जीवनी पर 20 मिनट की फिल्म के प्रदर्शन के लिए इंटरप्रिटेशन सेन्टर बनाया जाएगा। मेवाड़ एवं महाराणा प्रताप के जीवन की घटनाओं और कलाकृतियों को प्रदर्शित करने वाली गैलरी बनाई जाएगी। स्मारक के लैण्डस्केप एरिया में खुली गैलरियों के माध्यम से महाराणा प्रताप द्वारा वन में व्यतीत किए गए कालखंड का प्रदर्शन किया जाएगा। चित्तौड़ में महाराणा कु भा द्वारा बनाये गये विजय स्तंभ की प्रतिकृति को स्मारक में स्थापित किया जाएगा। स्मारक में 2000 लोगों की बैठक क्षमता का आकाशीय मंच बनाया जाएगा, जिसमें महाराणा प्रताप के शौर्य, पराक्रम, त्याग एवं बलिदान पर आधारित लाइट एण्ड साउण्ड शो का प्रदर्शन किया जाएगा। निकास मार्ग में प्रमुख युद्धों की भीतिचित्र प्रदर्शनी और 3-ष्ठ कलाकृतियों का चित्रण होगा। साथ ही परिसर में जन-सुविधाएं, कैफेटेरिया और गि ट शॉप का निर्माण किया जायेगा।

## अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा प्राप्त सुझावों पर होगा अमल-मु यमंत्री चौहान

### मु यमंत्री से मिले तीन प्रतिनिधि मंडल



भोपाल । मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विभिन्न संवर्ग के अधिकारियों-कर्मचारियों के कल्याण के लिए राज्य सरकार ने संवेदनशील होकर महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नियमित कर्मचारियों के साथ ही अन्य प्रकार की सेवाओं में संलग्न अमले के हितों का ध्यान रखा गया है। शासकीय सेवकों को लाभान्वित करने के लिए प्राप्त नए सुझावों पर भी अमल किया जाएगा। इस क्रम में ग्रेड पे संबंधी और अन्य सुझावों के लिए आवश्यक हुआ तो समिति गठित की जाएगी।

मु यमंत्री चौहान आज उनसे भेंट करने आए अधिकारियों-कर्मचारियों के विभिन्न प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। मु यमंत्री श्री चौहान से आज मु यमंत्री निवास में मध्य प्रदेश प्रशासनिक सेवा संघ, मध्य प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ और मंत्रालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने भेंट की। श्री राजेश गुप्ता, श्री राजेन्द्र जैन और श्री सुभाष वर्मा के नेतृत्व में इन प्रतिनिधि मंडल में शामिल पदाधिकारियों ने मु यमंत्री श्री चौहान का अब तक लिए गए कर्मचारी कल्याण निर्णयों के लिए आभार भी व्यक्त किया।

## मुंगवानी में युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यत ग्रहण की



सिवनी यशोः- ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुंगवानीकलां क्षेत्र में संगठनात्मक दौरा कार्यक्रम के दौरान ग्राम पिपरिया के अनेक ग्रामीणों ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुये एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियो से परेशान होकर पिपरिया ग्राम के लोगो ने मुंगवानी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पंडित लोकेश शु ला के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालो में ग्राम पिपरिया से ईश्वर दयाल बंदेवार, दीपक मालवीय, बल्लू सनोडिया, बीलबल सनोडिया, कोपराम यादव, हरिकांत यादव, जगदीश यादव, दिनेश यादव, विनोद यादव, राकेश यादव, सचीन यादव, परसोत्तम यादव, छोटू यादव, महादेव यादव, नारायण यादव, लल्लू यादव, सुनील मालवीय, भोला यादव, बड्डो यादव, प्रेमचंद यादव, जगतराम यादव, परसोत्तम सनोडिया, गोवर्धन सनोडिया, विमल सनोडिया, दीपक सनोडिया, अंकित प्रजापति, राजाराम यादव, जित्तू यादव, अकाश यादव,लोकेश सनोडिया, द्वारिका यादव, अकाश चैधरी, चिंकूराम यादव, अनिल मालवीय, पंजी यादव, धर्मेन्द्र सतनामी, इमानसिंह सतनामी, प्रीतम पटेल, राजा सनोडिया, प्रहलाद सनोडिया ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष बृजेशसिंह लल्लू बघेल, अतुलचंद मालू, घनश्याम सनोडिया, आनंद पंजवानी, मंडलम अध्यक्ष मनोज तिवारी, राजेश मानाठाकुर, विष्णु करोसिया, ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार उपस्थित रहें।

## आदित्य का नेशनल फुटबाल टूर्नामेंट में चयन



सिवनी यशोः- सिवनी जिले से आदित्य सिंह सेंगर का आंध्र प्रदेश के अनंतपुरम में होने वाले अंडर- 14 नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट हेतु चयन हुआ, आदित्य सिंह सेंगर आजाद वार्ड नगर पालिका सिवनी पार्षद / सभापति श्रीमती आकांक्षा शीबू सेंगर के सुपुत्र हैं। वर्तमान में आदित्य मॉर्डन स्कूल सिवनी की कक्षा आठवीं में अध्ययन भी कर रहे है।

# प्रहलाद सिंह पटेल के विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन संपन्न

**प्रहलाद पटेल का हुआ अभूतपूर्व स्वागत।**

**नरसिंहपुर भाजपा का कार्यकर्ता श्रेष्ठ कार्यकर्ता है - प्रहलाद पटेल**




नरसिंहपुर यशोः- केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग व जलशक्ति राज्यमंत्री तथा नरसिंहपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी प्रहलाद सिंह पटेल के नरसिंहपुर विधानसभा के कार्यालय का उद्घाटन वैद्य बाबू कॉ प्ले स, नरसिंहपुर गुरुवार को संपन्न हुआ। कार्यालय में आयोजित सभा को स बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आपातकाल के संघर्ष से लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के त्याग, समर्पण से जन्मी भारतीय जनता पार्टी है। जिसमें निष्ठावान कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम, समर्पण व बलिदान शामिल है। नरसिंहपुर मेरी जन्मभूमि व कर्मभूमि रही है। जब मुझे पार्टी ने कहा कि आपको विधानसभा चुनाव लड़ना है और जालम सिंह नरसिंहपुर से चुनाव लडेंगे। आप अपनी सीट चुन लीजिए। मैंने अनुज मुन्ना भैया से बात की तो उन्होंने कहा कि हम दोनों के चुनाव लड़ने से पार्टी में गलत संदेश जाएगा। इसलिए आप नरसिंहपुर से चुनाव लड़िए। मैं चुनाव नहीं लडूंगा। श्री पटेल ने आगे कहा कि राजनीति के राजनैतिक द्वेष के दौर में मुझे मेरे अनुज मुन्ना भैया पर गर्व है। मैं उन्हें साधुवाद देता हूं। भाजपा प्रत्याशी श्री पटेल ने कहा कि नरसिंहपुर में भारतीय जनता पार्टी का वह श्रेष्ठ कार्यकर्ता है जिसे किसी भी प्रकार का लालच तथा भय कभी डिगा नहीं सकता है। ऐसे कार्यकर्ताओं को मेरा नमन है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जब कैलाश सोनी जी को राज्यसभा में भेजा तो मैंने कहा कि यह पार्टी के प्रति निष्ठा, समर्पण व त्याग का स मान है। श्री पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों के द्वारा केंद्र से लेकर राज्यों तक विकास के नए आयाम स्थापित करने का क्रम जारी है और यह अनवरत जारी रहेगा। राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी व विधायक जालम सिंह ने भी कार्यकर्ताओं को स बोधित किया। मंच संचालन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष महंत प्रीतम पुरी ने किया। आभार वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने जबलपुर से आते हुए झांसीघाट नर्मदा तट पर पूजन किया। उसके बाद गृह नगर गोटेगांव के नगर देवता श्री ठाकुर बाबा व खेरमाई का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया। साथ ही घर जाकर माता पिता का भी आशीर्वाद प्राप्त किया। झांसी घाट से लेकर नरसिंहपुर तक के मार्ग में जगह जगह केंद्रीय मंत्री श्री पटेल का अभूतपूर्व स्वागत क्षेत्रीय लोगों व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। नरसिंहपुर पहुंचने पर श्री पटेल ने सर्वप्रथम नरसिंह मंदिर जाकर भगवान नरसिंह के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। तद उपरांत भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचकर श्यामाप्रसाद मुखर्जी व जनपद पंचायत परिसर में स्थापित भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उसके बाद सुभाष पार्क में स्थापित शहीद सरदार भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस व रामप्रसाद बिस्मिल प्रतिमा पर पार्टी जनों के साथ माल्यार्पण किया।

### प्रहलाद पटेल का हुआ अभूतपूर्व स्वागत

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग व जल शक्ति राज्य मंत्री तथा भाजपा प्रत्याशी प्रहलाद सिंह पटेल का प्रत्याशी घोषित होने के बाद नरसिंहपुर प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अभूतपूर्व स्वागत किया गया। अनंत चतुर्दशी के बावजूद कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर था। कहीं पुष्प वर्षा तो कहीं फूलों की जंबो मालाओं से केंद्रीय मंत्री श्री पटेल व विधायक जालम सिंह पटेल को लाद दिया गया। महिला मोर्चा द्वारा भी पुष्प गुच्छ सौंप व बड़ी माला पहनाकर सामूहिक स्वागत किया गया। हजारों कार्यकर्ता अपने प्रिय नेता का स्वागत करने नवीन विधानसभा कार्यालय पहुंचे।

### मुस्लिम समाज ने भी किया श्री पटेल का स्वागत

वैद्य बाबू कॉ प्ले स मार्ग में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का मुस्लिम समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री पटेल ने उन्हें शुभकामनाएं दी और उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सांसद कैलाश सोनी, विधायक जालम सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा, गोटेगांव विधानसभा के प्रत्याशी महेंद्र नागेश, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, करेली जनपद अध्यक्ष सुश्री प्रतिज्ञा परिहार, पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतम पुरी, अनंत दुबे, सुनील कोठारी, नवनीत चाचा, राधेश्याम नेमा, पूर्व मंडी अध्यक्ष रवींद्र सिंह सहित नरसिंहपुर जिले के नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि व पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व ह्दय दिवस के अवसर पर समस्त स्वास्थ संस्थाओं में आयोजित किए गए स्वास्थ शिविर

सिवनी यशोः- भारत में होने वाली कुल मृत्यु में से 60 प्रतिशत मृत्यु असंचारी रोगों के कारण होती है जिसमें ह्दय रोग, लकवा, उच्च रक्तचाप प्रमुख कारण है। साथ ही बच्चों में ह्दय संबंधी जन्म जात विकृति एवं रोग भी मृत्यु, कारण होते है। सही समय पर स्क्रीनिंग, उपचार एवं वेलनेस गतिविधियों के माध्यम से ह्दय संबंधी रोग एवं मृत्यु को रोका जा सकता है। ह्दय रोग के उपचार, स्क्रीनिंग एवं इस संबंध में व्यापक जन जागरूकता के उद्देश्यो से आज दिनांक 29 सित बर को जिले की स्वास्थ संस्थाओं में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

''ह्दय का प्रयोग करें, ह्दय को जाने'' थीम पर आधारित विश्व ह्दय दिवस 2023 के अवसर पर मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर के द्वारा कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई साथ ही अंगदान जागरूकता एवं स्व पंजीयन गतिविधि किये जाने हेतु प्रेरित किया। इसके पश्चात कार्यालय के लगभग 75 प्रतिशत अधिकारियों/ कर्मचारियों के प्रति होकर अपना पंजीयन कराया।

इस दौरान मु य चिकित्सां एवं स्वास्थ अधिकारी ने ह्दय को स्वास्थ रखने के लिए बताया कि विभिन्न शारीरिक गतिविधियां बढ़ायें जिससे नियमित व्यायाम एवं ध्यान करें। तेल/घी, शक्कर व नमक का सेवन कम करें। भरपूर फल सब्जियों का सेवन करें। वजन को संतुलित रखे तनाव मुक्ति रहे। त बाकू सेवन व धूम्रपान न करें। शराब का सेवन न करे एवं नियमित बी.पी., शुगर की जाचं नजदीकी स्वास्थ केंद्र पर कराएं।

एनसीडी/आईएचसीआई कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 43,876 उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह के मरीज पंजीकृत है। इन्ह समस्त स्वास्थ संस्थाओं के द्वारा निश्शुल्क दवाईया उपलब्ध कराई जा रही है। जिला चिकित्सालय सिवनी के अतिरिक्त, शहरी क्षेत्र में शहरी प्राथमिक स्वास्थ केंद्र छिंदवाड़ा चौक सिवनी एवं संजीव ` लीनिक बरघाट नाका सिवनी में भी स्वास्थ शिविरों का आयोजन किया गया जहां उच्च रक्तचाप से ग्रसित व्यक्तियों का स्वास्थ परीक्षण कर उपचार प्रदान किया गया। विश्व ह्दय दिवस के दौरान जिला चिकित्सालय एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ केंद्र हेल्थ एण्ड् वेलनेस सेंटर पर समस्त आयु वर्ग के व्यक्तियों की ह्दय संबंधी जाचं एवं उपचार किया जा रहा है तथा समस्त प्राथमिक स्वास्थ केन्द्रो पर स्क्रीनिंग एवं टेली कन्सोलटेशन के माध्यम से विषय विशेषज्ञों द्वारा जांच, उपचार एवं परामर्श प्रदान किया जा रहा है।

इस दौरान मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर, जिला स्वास्थ अधिकारी-1 डॉ. मनीषा सिरसाम, जिला स्वास्थ अधिकारी-2 डॉ. आर.के.धुर्वे, जिला स्वास्थ एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. वंदना कमलेश, उपजिला विस्ताार एवं माध्यम अधिकारी शांति डहरवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. शैलेष डहेरिया, जिला लेखा प्रबंधक सी.बी. तेलंग, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक संजय मानेश्वे तथा कार्यालय के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन ने किया प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का स मान

## गुरू का हाथ थामकर ही शिष्य महान बनता है-नरेश सिंह राजपूत

**अंतराष्ट्रीय/राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं उनके गुरूजन/पालक हुए स मानित**




बरघाट यशोः- ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन द्वारा अपने अनुसांगिक शैक्षणिक संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल बरघाट में गत दिवस खेल प्रतिभाओं का स मान किया गया। ह्यूमन रिसोर्सस फेडरेशन मूलभूत सुविधाओं से वंचित वर्ग को उसकी आवश्यकतानुरूप यथासंभव सहयोग उपलब्ध कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन द्वारा हाल ही में अंतराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में अपना स्थान सुनिश्चित करने एवं प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों एवं उनके गुरुओं व पालकों का स मान किया गया।

कार्यक्रम में ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत, सचिव श्रीमती ज्योति सिंह राजपूत द्वारा बच्चों को मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक एवं मार्गदर्शक कुंवर सिंह राजपूत, विष्णु प्रसाद साहू, अनिरूद्ध तिवारी, स्पोर्ट ऑफिसर निशाद खान, सह प्राचार्य नितेश गौतम, प्रधानाचार्य नाहिद खान, एकेडेमिक कॉर्डिनेटर सुश्री दीक्षा पटले एवं सभी शिक्षकों, बच्चों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में इंडिया कोच सिंहान ओमकार कश्यप एवं सेंसुई राधिका कश्यप (कराटे कोच), अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप थाइलैंड में स मिलित ब्रॉन्ज मेडलिस्ट पार्वती सनोडिया, पिता राजाराम सनोडिया एवं धैर्य सोनी पिता विजय सोनी तथा ना या सिंह राजपूत पिता नरेश सिंह राजपूत, वूशु राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में दिशा जायसवाल पिता सागर जायसवाल तथा टेबल टेनिस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में वैभव श्रीवास पिता कौशल श्रीवास आदि प्रतिभाओं का स मान मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर किया गया।

ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि बच्चों के लगातार इस मुकाम तक पहुंचने में पालकों एवं गुरुओं की भूमिका सर्वप्रथम होती है। पालक अपने बच्चों को गुरु को सौंपकर विश्वास के साथ बाहर भेजते है। ऐसे में उनके गुरु ही माता-पिता एवं दोस्त के रूप में बच्चों के साथ होते है। बना गुरू के किसी को भी सफलता प्राप्त नहीं हो सकती है। अपने गुरूओं का हाथ थामकर ही शिष्य उन्नति के शिखर पर पहुँचता है।

इसी कड़ी में बच्चों ने भी अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे अपने पालक गुरु एवं विद्यालय को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने उनकी सफलता में उनका साथ दिया। संगठन द्वारा दिये गये इस स मान के लिए सभी खिलाड़ियों, स मान प्राप्त गुरूओं एवं पालकों ने ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन का धन्यवाद प्रेषित किया। संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# बड़ी शानो- शौकत से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी पर्व

**वह चाहते तो किसी आलम में रह जाते ।**
**ऐ उनकी मेहरबानी है ऐ आलम पसंद आया ।।**



छपारा यशोः- 28 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर अजीमुश्शान जुलूस निकला गया बड़ी शानो -शौकत के साथ ईद मिलादुन्नबी जुलूस छोटी मस्जिद अखाड़ा चौक से निकला और शहर का ग्रस्त करते हुए चमारी चौगडा से बाजार चौक होते हुए बस स्टैंड फिर संजय कॉलोनी तक जुलूस में लगभग 5 हजार लोगों ने शिरकत किया मरहबा सल्लेअला अजीमुश्शान शहंशाह की मिलाद पर बड़े अदबो एहतराम के साथ शहर का गस्त करता हुआ वापस अखाड़ा चौक छोटी मस्जिद पहुंचकर मगरिब की नमाज के बाद लंगर खाना कराया गया साथ ही मस्जिदों में मिलाद खानी का कार्यक्रम रखा गया इन सारे कार्यक्रमों में बड़ी सं या में लोगों ने शिरकत की ईद मिलादुन्नबी के इस प्रोग्राम में शहर को बैनर झंडा तौरन से सजाया गया ईद मिलादुन्नबी के प्रोग्राम का शहर में जगह-जगह इस्तकबाल किया गया पंडाल लगाकर मिष्ठान पानी की व्यवस्था किया गया कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं पूर्व विधायक ठाकुर रजनीश सिंह के द्वारा ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर पुष्प बरसा कर गले मिलकर ईद मिलादुन्नबी की बधाई दी संजय कॉलोनी में लंगर खाना खिलाया गया युवाओं में ईद मिलादुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम अजीमुश्शान शान शहंशाह के बड़े अदब और एहतराम के साथ नारे बुलंद किये इस अजीमुश्शान जुलूस को छोटी मस्जिद के इमाम शकीरा मौलाना साहब मार्गदर्शन कर रहे थे साथी बड़ी मस्जिद के इमाम नई मस्जिद के इमाम जामा मस्जिद के इमाम एवं बच्चे युवा बुजुर्ग बड़ी सं या में उपस्थित हुए ।

# एमपी में एक अे टूबर से फिर होंगे टाइगर के दीदार, तीन महीने बाद खुलेंगे नेशनल पार्क के गेट



जबलपुर। मध्य प्रदेश में तीन महीने के मानसून ब्रेक के बाद एक अे टूबर से टाइगर रिजर्व और नेशनल पार्कों में पर्यटन की गतिविधियां फिर से शुरू हो जाएंगी. वैसे, इस बार पर्यटकों को 25 से 50 फीसदी तक ज्यादा एंट्री फीस चुकानी पड़ सकती है. वन विभाग ने इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा है.

दरअसल, 29 जुलाई 2023 को बाघ दिवस के मौके पर मध्य प्रदेश को एक बार फिर %टाइगर स्टेट% का तमगा मिल गया. इसके साथ ही मध्य प्रदेश को पिछले कई वर्षों से मिला 'टाइगर स्टेट' का स्टेटस कायम है. मध्य प्रदेश में टाइगरों की सं या बढ़कर 785 हो गई है. 'स्टेटस ऑफ टाइगर को-प्रिडेटर्स एंड प्रे इन इंडिया 2022' नामक रिपोर्ट में यह खुशखबरी मिली है. रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2018 में मध्य प्रदेश में 526 बाघ थे, जो कि साल 2022 में बढ़कर 785 पहुंच चुके हैं.

मध्य प्रदेश में छह टाइगर रिजर्व (नेशनल पार्क) हैं. इनमें कान्हा, बांधवगढ़, पन्ना, पेंच, सतपुड़ा और संजय डुबरी नेशनल पार्क शामिल हैं. हालांकि प्रदेश में सातवां नेशनल पार्क (नौरादेही) दमोह और सागर जिले में बना दिया गया है, लेकिन अभी यहां व्यवस्थित टाइगर सफारी की सुविधा उपलब्ध नहीं है. बारिश के दिनों में इन पार्कों के कोर एरिया में टूरिस्टों की एंट्री एक जुलाई को बंद कर दी जाती है. इस कारण टूरिस्ट कोर एरिया की बजाय बफर जोन में घूम रहे हैं हालांकि, उनकी सं या में 75 फीसदी तक कमी आ गई है, योंकि कोर एरिया में जानवरों की चहल-कदमी ज्यादा होती है. 30 सितंबर तक कोर एरिया बंद रखे जाएंगे. बारिश का दौर थमने के बाद एक अे टूबर से कोर एरिया खुल जाएंगे.

**या है कोर और बफर एरिया**

वहीं www.mponline.gov.in पोर्टल सर्च करने पर 'राष्टीय उद्यान' सिंबॉल पर ि लक करेंगे, तो ऑनलाइन बुकिंग की साइट खुल जाएगी. इसमें दिन के हिसाब से बुकिंग कराई जा सकती है. हर नेशनल पार्क में ऐसा क्षेत्र होता है, जहां वन्यप्राणियों के रहने और जीवनशैली के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी और भोजन उपलब्ध होता है. वन क्षेत्र का सर्वाधिक घनत्व भी इसी क्षेत्र में देखने को मिलता है. किसी भी नेशनल पार्क में बीच के इलाके को कोर एरिया कहा जाता है. कोर एरिया और करीबी ग्रामीण क्षेत्र के बीच का हिस्सा बफर जोन कहलाता है. इसमें कोर एरिया के मुकाबले जंगल और घनत्व कम होता है. बफर एरिया एक तरह से कोर एरिया के चारों ओर रिंग की तरह भौगोलिक क्षेत्र बनाता है और एरिया की सुरक्षा करता है. यहां जानवरों की चहल-कदमी कम रहती है.

**मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व**

**कान्हा टाइगर रिजर्व** - कान्हा टाइगर रिजर्व देश के बाघों के गढ़ में से एक है. यह भारत के मध्य में मंडला और बालाघाट जिले में स्थित मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है. पार्क में टाइगर, भारतीय तेंदुए, भालू, बारहसिंगा और जंगली कुत्ते की आबादी अधिक है. यह प्रदेश का सबसे बड़ा नेशनल पार्क भी है.

### बुकिंग के लिए जरूरी बातें

*** हर रोज सुबह 11 बजे से बुकिंग खुलेगी.**

*** यदि आप बुकिंग कैंसिल करना चाहते हैं, तो एक दिन पहले शाम 5 बजे तक उसे कैंसिल कर सकते हैं.**

*** यदि सफारी के लिए पंजीकृत वाहन उपलब्ध नहीं है, तो पार्क प्रबंधन सामान्य बफर दरों पर प्राइवेट वाहन को भी अनुमति दे सकता है.**

*** परमिट बुकिंग, कैंसिल आदि के लिए जानकारी लेना है, तो एमपी ऑनलाइन कस्टमर केयर नंबर 0755-6720200 पर संपर्क कर सकते हैं. वहीं, ईमेल आईडी forest@mponline.gov.in पर भी संपर्क किया जा सकता है.**

**बांधवगढ़टाइगररिजर्व-** बांधवगढ़ नेशनल पार्क मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में स्थित है.पार्क में 22 जंगली जानवर और 250 पक्षियों की प्रजाति पाई जाती है. हाथी पर सवार होकर या वाहन में बैठकर जंगल सफारी कर सकते हैं. बाघों के अलावा अन्य आकर्षण में नीलगाय, चौसिंघा, चीतल, चिंकारा, जंगली सूअर और कभी-कभी लोमड़ी दिखाई दे जाते हैं. इस पार्क में एक मु य पहाड़ है, जिसे बांधवगढ़ कहा जाता है.

**पन्ना टाइगर रिजर्व-** पन्ना टाइगर रिजर्व विंध्य रेंज में स्थित है. यह मध्य प्रदेश के पन्ना और छतरपुर जिलों में फैला हुआ है. केन नदी इस राष्ट्रीय उद्यान का मु य आकर्षण है. यहां जानवरों में बाघ, तेंदुआ, चीतल, चिंकारा, नीलगाय, सांभर और भालू हैं. यह उद्यान 200 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों का घर है, जिनमें लाल सिर वाला गिद्ध, बार-हेडेड हंस, हनी बुजार्ड और भारतीय गिद्ध शामिल हैं. पार्क में गिद्ध की छह प्रजातियां पाई जाती हैं.

**पेंच टाइगर रिजर्व-** पेंच टाइगर रिजर्व मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा और सिवनी जिले में स्थित है. इसका नाम पेंच नदी से निकला है, जो इस टाइगर रिजर्व से होकर बहती है. पेंच नदी उत्तर से दक्षिण की ओर बहती है जो टाइगर रिजर्व को समान रूप छिंदवाड़ा और सिवनी जिले को पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में विभाजित करती है. इस टाइगर रिजर्व में जंगली ग्वार, बाघ, तेंदुआ, बंदर और हिरण आसानी से देखे जा सकते हैं. यह टाइगर रिजर्व नेशनल हाईवे 7 पौनी के पास है और महाराष्ट्र और नागपुर के बहुत करीब है. पर्यटकों के प्रवेश के लिए दो प्रसिद्ध द्वार है, जिन्हें तुरिया और कर्माझिरी नाम दिया गया है. रूडयार्ड किपलिंग की प्रसिद्ध नॉवेल %द जंगल बुक% में दर्शाए गए जंगल को पेंच टाइगर रिजर्व पर आधारित माना गया है.

**सतपुड़ा टाइगर रिजर्व-** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व होशंगाबाद जिले में स्थित है.यहां जानवरों में बाघ, तेंदुआ, सांभर, चीतल, भेडकी, नीलगाय, चौसिंगा, चिंकारा, गौर, जंगली सूअर, जंगली कुत्ता, भालू, काला हिरण, लोमड़ी, साही, उड़न गिलहरी, मूषक मृग और भारतीय विशाल गिलहरी आदि पाए जाते हैं. यहां पक्षियों की भी अनेक प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें धनेश और मोर प्रमुख हैं.

**संजय डुबरी नेशनल पार्क-** संजय डुबरी नेशनल पार्क को गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान भी कहा जाता है.यह मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित है. पार्क में बाघ, तेंदुआ, चीतल, सांबर, जंगली सूअर, नीलगाय, चिंकारा, सिवेट, साही, गोह और पक्षियों की 309 प्रजातियां हैं. सबसे आकर्षक पक्षियों में गोल्डन हुडेड ओरियल, भांगराज (रैकेट पूंछ ड्रोंगो), भारतीय पित्त रूफुस-ट्रीपाइ, लेसर एडजुटेंट, लाल सिर वाला गिद्ध, सनरस गिद्ध, भारतीय सफेद पूंछ वाला गिद्ध, मिस्र का गिद्ध और छप्पा (नाइटजार्स) हैं.

# अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष की गूंज के साथ हुआ गणेश विसर्जन

## जगह-जगह हुआ भण्डार, भक्तिभाव के साथ किया गया पूजन, अर्चन

मंडला यशोः- भगवान गणेश को विशेष पूजन अर्चन के बाद उन्हें नर्मदा किनारे बने कुण्ड में विसर्जित किया गया। नगर में भक्तों ने जयकारे लगाते गजानन को विदाई दी। दस दिनों तक श्री गणेश की पूजा अराधना करने के बाद उनके भक्त उन्हें नम आंखों से विदा किया। हालांकि विसर्जन के लिए लोग दोपहर से ही प्रतिमा लेकर कुण्ड पहुंचने लगे थे, जहां नगरपालिका और पुलिस प्रशासन मुस्तैद था। कोई अप्रिय घटना ना हो इस पर भी नजर बनाए हुए थे। कुण्ड के पास भी पुलिस बल तैनात रहा। जिससे कोई घटना ना हो सके। इस बार सार्वजनिक पंडालों और घरों में छोटी मूर्ति ही स्थापित की गई थी।



जानकारी के मुताबिक नगर में सार्वजनिक गणेशोत्सव समितियों द्वारा गणेश स्थापना की गई है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस प्रशासन ने गणेश विसर्जन की तैयारी कर रखी थी। गणेश विसर्जन के चल समारोह में नजर रखने के लिये अलग-अलग बीट में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। पुलिस ने गणेश विसर्जन के मद्देनजर पु ता इंतजाम किये है। नगर पालिका के द्वारा घाटों में गोताखोर की व्यवस्था की गई है, इसके अलावा ट्रेफिक्र कंट्रोल की जि मेदारी ट्रेफिक्र पुलिस को सौंपी गई है। नगर पालिका के द्वारा घाटो में विसर्जन कुण्ड बनाये गये। जिसमें भक्तों ने अपने घर घर में विराजे और पंडालों में विराजे श्रीगणेश का विसर्जन नपा द्वारा बनाए गए कुण्ड में विसर्जन किया।

**भगवान अनंत की हुई पूजा:**

अनंत चतुदर्शी का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। यह पर्व श्री हरि विष्णु की उपासना व व्रत का पर्व है। इस दिन पवित्र सरोवर के किनारे शेषशैया भगवान विष्णु की प्रतिमा कलश सहित स्थापित कर विविध उपचारों से उनकी पूजा करने का विधान शास्त्रों में बताया गया है। इस दिन व्रत धारण किया जाता है। इस पूजा में चौदह गांठो वाले सूत्र का विशेष महत्व है, जिसे अनंत कहा जाता है। अनंत भगवान विष्णु का प्रतीक है। शास्त्रों में बताया गया है कि अनंत चतुदर्शी में अनंत की पूजा करने से घर धन धान्य से परिपूर्ण हो जाता है। महिलाएं अनंत को बांये हाथ में तथा पुरूष दांये हाथ में धारण करते है।

**पंडाल में हवन, पूजनः**

श्री गणेश की भक्ति में लीन भक्त उन्हें विदाई देने के पहले विशेष पूजन अर्चन किए। भक्तो ने हवन में आहूति दी। इसके बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। सार्वजनिक समितियो द्वारा हवन, पूजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई। यहां बड़ी सं या में भक्तो ने गणेश जी को विदा देने के पहले उनके श्रीचरणो की वंदना की।

**कुण्ड में विसर्जनः**

शासन की गाईड लाईन के निर्देश के बाद नगर में गणेश विसर्जन के लिए दो स्थानो में मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था रही। भक्तो ने श्री गणेश को संगम, नावघाट के पास बने कुण्ड में विसर्जित किया। इसमें शुद्ध नर्मदा जल का भराव किया गया। इसके अलावा निर्माल्य के लिए पात्र रखे गए। घर-घर से आये गणपति पूजन के बाद कुण्ड में विसर्जित किए गए। बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय ने नर्मदा एवं सहायक नदिया जल संरचनाओ एवं स्रोत के किनारे आयोजित होने वाले मेले, धार्मिक आयोजन व मूर्ति विसर्जन से होने वाले प्रदूषण को रोकने वैज्ञानिक एवं वैकल्पिक उपाय करने के निर्देश दिये है। इसके पालन में नगरपालिका व प्रशासन ने पु ता इंतजाम किए।

# अवकाश पर प्रस्थान करना अथवा मु यालय छोड़ना प्रतिबंधित

मण्डला यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले के समस्त शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को आगामी आदेश तक अवकाश पर प्रस्थान करने अथवा मु यालय छोड़ने से प्रतिबंधित करने के आदेश दिए हैं।

जारी आदेश के अनुसार किसी भी अधिकारी, कर्मचारी को 2 दिवस से अधिक का आकस्मिक अवकाश अथवा अन्य अवकाश स्वीकृत किये जाने हेतु कार्यालय प्रमुख अपनी अनुशंसा सहित प्रस्ताव उप जिला निर्वाचन मण्डला को प्रेषित करेंगे तथा अनुमति प्राप्त कर कार्यालय प्रमुख अवकाश की स्वीकृति प्रदान करेंगे। चिकित्सा, मेडिकल अवकाश हेतु संबंधित शासकीय सेवक को मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निर्वाचन कार्यालय, कार्मिक प्रबंधन शाखा में निर्वाचन कार्य से मुक्ति हेतु आवेदन कार्यालय प्रमुख से स्पष्ट अभिमत उपरांत अग्रेषित कर भेजा जाए। निर्वाचन से संबंधित आदेश, डाक प्राप्त करने हेतु समस्त शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय कार्यालय अवकाश दिवस में भी खुले रखें जायें एवं कार्यालय प्रमुख संबंधित आदेश, डाक प्राप्त करने एवं समय-सीमा में वितरित कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। किसी अधिकारी, कर्मचारी को उनके विभाग, कार्यालय प्रमुखों द्वारा यदि पूर्व अवकाश स्वीकृत किए गए हों तो ऐसे अवकाश निरस्त कर उन्हें कार्य पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें।

# घंसौर रोड बंजारी घाट में मिला शव के मामले का थाना महाराजपुर पुलिस ने किया खुलासा, हत्या का एक आरोपी गिर तार

मण्डला यशोः- थाना महाराजपुर अन्तर्गत घंसौर रोड पर जंगल में एक अज्ञात महिला का शव होने की सूचना मिला था जिस पर थाना महाराजपुर पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर शव पंचनामा कार्यवाही एवं घटना स्थल के निरीक्षण के दौरान शव की पहचान भगवनिया बाई राठौर निवासी भर्राटोला ग्राम लखनवाही बिलासपुर छत्तीसगढ़ के रूप में की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा एसडीओपी मंडला एवं थाना प्रभारी महाराजपुर को मामले की तत्काल बारिकी से जांच के आदेश देते हुए मामले के खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया था। मामले में आये तथ्यों के आधार पर थाना महाराजपुर में अज्ञात के विरुद्ध धारा 302 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला के मार्गदर्शन में एसडीओपी मंडला द्वारा अलग अलग टीम का गठन कर उन्हें कार्य सौपे गयें। गठित टीम द्वारा महिला के संबंध में जानकारी एकत्र की गई एवं घटना से संबंधित अन्य तकनिकी साक्ष्य का संकलन एवं विशलेषण पुलिस टीम द्वारा की गई। प्राप्त जानकारी, साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पुलिस टीम द्वारा मदन मोहन खडेश्वरी उर्फ खडेश्वरी उर्फ मंगला प्रसाद, कबडीहार दासापुर, इलाहाबाद उत्तर प्रदेश हाल निवासी हनुमान टेकरी डुंगरा, थाना बिछिया को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ की गई। पुछताछ के दौरान उक्त आरोपी द्वारा घटना कबुल करते हुए बताया की महिला बिछिया स्थित आश्रम में ही रहती थी तथा अपना सामान लाकर आश्रम में कब्जा करना चाहती थी जिससे बहुत परेशान एवं आश्रम चले जाने के डर के कारण उत्तरप्रदेश निवासी एक अन्य आरोपी को बुलाकर उसके साथ योजनाबद्ध तरिके से महिला की मंडला घंसौर रोड पर गला घोटकर हत्या कर शव को जंगल में ठिकाना लगाना स्वीकार किया। मामले उक्त आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर गिर तार माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा हैं। आरोपी के विरूद्ध पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड रहा हैं एवं अनेक मामलों में अलग अलग थानों में अपराध दर्ज हैं। मामले में पुलिस टीम द्वारा एक अन्य आरोपी की तलाश हेतु दबीश दी जा रही हैं।

मामले के खुलासा एवं आरोपी की गिर तारी में एसडीओपी मंडला अर्चना अहीर के नेतृत्व में थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक ममता परस्ते, उप निरीक्षक बृज किशोर पंडोरिया, उदयवीर तोमर, आशुतोष शर्मा, उप निरीक्षक गिरीश शर्मा, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत, सउनि रमेश पाल, प्रआर रेशन, प्रआर विनिता बर्मन सीसीटीवी, आर शिवा नाविक, आर. प्रियांश पाठक, सूर्यचंद बघेल व रूपेन्द लिल्हारे सायबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बबलिया मंडल में भाजपा चुनाव कार्यालय का हुआ शुभारंभ

## पूरी ऊर्जा जोश उमंग के साथ कार्यकर्ताओं ने किया कुलस्ते का भव्य स्वागत



मंडला यशोः- निवास विधानसभा क्षेत्र के बबलिया मंडल में विधानसभा चुनाव कार्यालय का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। मंडल कार्यक्रम में पूरी ऊर्जा जोश उमंग के साथ कार्यकर्ताओं स्थानीय नागरिकों पूर्व जनप्रतिनिधियों ने निवास विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी श्री फग्गन सिंह कुलस्ते का भव्य व आत्मीय स्वागत किया। निवास विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते की उपस्थिति में बाबलिया मंडल में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंडल कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्री रतन ठाकुर पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते जिला उपाध्यक्ष संजीत पांडे मंडल अध्यक्ष चिरंजीव कोकड़िया मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ विजय सरवटे, विस्तारक प्रेम दुबे महेश विश्वकर्मा, संतोष रजक, जय दत्त झा पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय सोनी, विनोद भवेदी संदेश जायसवाल गौतम यादव संतोष बर्मन छतर सिंह भवेदी गेंदसिंह ऊरेती डॉ. घनश्याम सेन, शामिन मरावी, विष्णु सोनी, चंद्रिका प्रसाद जायसवाल, भगवान दास साहू, प्रीतम ठाकुर, पप्पू गुप्ता, मनीष नामदेव, मुन्ना यादव, बाबूलाल यादव, मुन्ना उयके, रामचरण मस राम, श्री मसराम जी, चंद्रसिंह कुलस्ते, मुन्नीबाई टेकाम, उमेश साहू सुधीर दुबे सहित बड़ी सं या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मतदानकर्मियों का प्रशिक्षण 30 सितंबर से

मण्डला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले के बिछिया, निवास एवं मंडला विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु मतदानकर्मियों का प्रशिक्षण 30 सितंबर से 7 अ टूबर तक 6 चरणों में आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण मॉन्टफोर्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजीव कॉलोनी मंडला में होगा। प्रशिक्षण के लिए कर्मचारियों के आदेश जारी कर दिए गए हैं। सीईओ जिला पंचायत तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्रेयांश कूमट ने सभी कार्यालय प्रमुखों को कर्मचारियों को आदेश तामील कराने तथा प्रशिक्षण में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

# विश्वॉ हृदय दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में चलाया गया जागरूकता अभियान

सिवनी यशोः- 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मरीजो का स्वास्थ परीक्षण कर उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया साथ ही जागरूकता अभियान चलाया गया इस दौरान उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों ने स्वास्थ हृदय हेतु प्रतिज्ञा ली।

अभियान में सिविल सर्जन डॉ. विनोद नावकर के द्वारा हृदय से संबंधित बीमारी से बचाव एवं रोकथाम के संबंध में बताया कि 80 प्रतिशत हृदय रोगो को आहार और जीवनशैली में बदलाव के साथ रोका जा सकता है। स्वास्थ हृदय ही दीर्घ एवं स्वास्थ जीवन की कुंजी है। उन्होने ओपीडी में आए हुए मरीजो को हृदय रोग के जोखिम के अनेक कारक जैसे- त बाकू का उपयोग, शराब का हानिकारक उपयोग, उच्चे रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्राल, मधुमेह, मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता, अनुचित आहार के साथ हृदय रोग के लक्षण की जानकारी प्रदान की।

इसके अतिरिक्त् आरएमओ डॉ. पी. सूर्या ने बताया कि सीने में अचानक दर्द, अत्याधिक शारीरिक परिश्रम, व्यायाम नृत्य आदि के कारण अचानक दर्द, ब्लड प्रेशर अत्यधिक महसूस हो, कंधे या हाथ में दर्द या दबाव, अकारण दर्द, सांस लेने में तकलीफ, जी घबराना या पसीना छूटने जैसा महसूस हो तो तत्काल चिकित्सीय परामर्श ले।

एम.डी. मेडिसिन डॉ. दीपक अग्निहोत्री ने बताया कि कुछ सरल उपाय अपनाकर हृदयघात से बचा जा सकता है जैसे- शारीरिक गतिविधियां और नियमित व्या्याम करें, तेल/घी, शक्कर व नमक का सेवन कम करें, भरपूर मात्रा में फल सब्जियों का सेवन करें, वजन को संतुलित रखे, तनाव मुक्त रहे, त बाकू सेवन व धूम्रपान ना करें तथा शराब का सेवन ना करें। हृदय बीमारी से संबंधित लक्षण होने पर निकटतम स्वास्थ संस्था पर जाकर डॉ टर से परामर्श लें।

उक्त कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. विनोद नावकर, आरएमओ डॉ. पी. सूर्या, एम.डी. मेडिसिन डॉ. दीपक अग्निहोत्री, जिला एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ. वंदना कमलेश, जिला समन्वयक आनंद बाचेकर, डब्यू एच.ओ., मेल नर्सिंग ऑफिसर नितिन गढ़पाल, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर एम.सैमुअल एवं चिकित्सालय के अन्य स्टॉफ तथा ओपीडी में आए हुए मरीज तथा उनके परिजन उपस्थित रहें

# टूरिस्ट मोटल तिंदनी का हुआ डेढ़ साल बाद पुनः शुभारंभ

## पर्यटकों को मिलेगी अच्छी सुविधाएं क्षेत्र में हर्ष



मंडला यशोः- गुरूवार को मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम की जिला ईकाई मण्डला के टूरिस्ट मोटल तिंदनी का पुनः शुभारंभ किया गया। विगत डेढ़ साल से जिला मु यालय की यह महत्वपूर्ण होटल तमाम कारणों के चलते बंद पड़ी थी। मामला न्यायालय में भी चला। जहां से जनहित याचिकाकर्ता समाजसेवी शैलेष दुबे को सफलता मिली और बैठक के निर्णय उपरांत होटल को पुनः आरंभ करने का प्रस्ताव पारित हुआ। जिस पर क्षेत्रीय प्रबंधक केएल पटैल ने विधिवत विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए टूरिस्ट मोटल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री पटैल ने कहा कि अब इस होटल को आधुनिकीकरण की ओर ले जाएगे। यहां पर सुविधाओं का विस्तार करेंगे और पर्यटकों के लिए खासे ऑफर निकाले जाएगे। इस अवसर पर प्रबंधक एमके नायक ने बताया कि होटल पहले की तरह आरंभ की गई है। लग्जरी कमरे के साथ रेस्टोरेंट की व्यवस्था यहां पर है पर्यटकों के लिए विशेष ऑफर निकाले गए हैं। होटल में रूकने के लिए ऑनलाईन बुकिंग भी की जा सकती है। होटल के आरंभ होने से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर उपस्थित जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा ने कहा कि मण्डला से कान्हा नेशनल पार्क के बीच में यह एक मात्र होटल है जिसमें पर्यटक रूका करते थे वहीं छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र उत्तरप्रदेश सहित अन्य प्रांतो से आने वाले पर्यटक होटल के बंद होने से निराश हो चले थे आज इसका शुभारंभ हुआ है। यह क्षेत्रवासियों के लिए सुखद है। इस अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, राजेन्द्र बंजारा, दीपक रजक, लेखापाल मिथलेश तिवारी, प्रबंधक आरएस खान, असर खान, अजय ठाकुर, बंटी गुप्ता, प्रदीप शिवहरे, आनंद राय सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# ओबीसी की बैठक एवं ज्ञापन आज

मण्डला यशोः- ओबीसी की जनगणना एवं आरक्षण को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन तीव्र से तीव्रता करने के लिए चरणबद्ध कार्यक्रम भारत के प्रत्येक जिलों में संपन्न होना है जिसमें 30 सितंबर को दोपहर 1 बजे कले ट्रेट में ज्ञापन एवं ज्ञापन के तुरंत बाद आगामी 7 अ टूबर को धरना प्रदर्शन तथा 17 अ टूबर को विशाल रैली की चर्चा हेतु बैठक रखी गई है अधिक से अधिक सं या में 1 बजे कले टरेड में एकत्र होने की अपील की गई इस कार्यक्रम को विशाल और सफल बनाने अपने विचार रखने के लिए कहा गया।

# आयुक्त भोपाल ने पटवारियों के हड़ताल के संबंध में जारी किए आदेश, अपनी मांगो को लेकर डटे हुए है जिले के पटवारी

मंडला यशोः- प्रदेश सहित जिले के पटवारी अपनी पांच सूत्रीय मांगो को लेकर हड़ताल में बैठे हुए है। वे सरकार का ध्यान आकर्षण कराने तरह-तरह के आंदोलन करते दिखाई दे रही है। प्रदेश के कई जिलों में राजस्व के काम बुरी तरह प्रभावित हो रहे है जिससे हितग्राही, किसान निराश होकर राजस्व कार्यालय से लौंट रहे है। जिसकी जानकारी आयुक्त भू अभिलेख मप्र शासन को मिली, तो उन्होंने 27 सितंबर को जिले के समस्त कले टर को एक आदेश जारी किया गया है जिसमें सभी पटवारियों की उपस्थिति दर्ज कराना है और अनुपस्थित पटवारियों की जानकारी प्रेषित करने का आदेश जारी किया गया है। मप्र पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष गीतेन्द्र गीतू बैरागी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि भले ही शासन किसी भी प्रकार का आदेश निकाल दे लेकिन पटवारी वर्ग अपनी मांगो को लेकर डटा रहेंगा। चाहे जिले के पटवारियों को इस्तीफा ही ` यों न देना पड़े।

**आयुक्त भोपाल ने यह आदेश किया है जारी**

जिले के पटवारी अपनी मांगो को लेकर डटे हुए है जबकि 27 सितंबर को आयुक्त भू अभिलेख भोपाल ने जिले के समस्त कले टर को पत्र जारी करते हुए निर्देश दिए गए है। जानकारी के अनुसार पत्र क्रमांक सीएलआर।स्था। 2023।1117 भोपाल दिनांक 27 सितंबर 2023 को एक आदेश जारी किया गया है जारी आदेश में बताया गया है कि विभिन्न जिलों में बड़ी सं या में पटवारी दिनांक 28.08.2023 से हडताल पर है, उन्हें सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। शासकीय कर्मचारियों द्वारा आयोजित हड़ताल धरना तथा सामूहिक अवकाश आदि के संबंध में म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 22 नव बर 2006 (प्रति संलग्न) की ओर ध्यान आकृष्ट करें।

**जिले के पटवारियों की मांगी गई है जानकारी**

जारी आदेश में नि न बिंदुओं में बताया है कि प्रतिदिन दोपहर 12 बजे तक संलग्न प्रारूप में कार्य से अनुपस्थित पटवारियों की जानकारी प्रेषित की जाए। सामान्य प्रशासन विभाग के संलग्न परिपत्र के अनुक्रम में अनुपस्थित पटवारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रार भ की जाए। जिले में परीवीक्षा अवधि में पदस्थ पटवारियों की सूची उपलब्ध कराई जाए।

**इन मांगो को लेकर कर रहे है हड़ताल**

मांग है कि मध्यप्रदेश में पटवारियों को वर्ष 1998 में निर्धारित किये गए वेतनमान के अनुसार ही वर्तमान वर्ष 2023 में वेतन दिया जा रहा है। विगत 25 वर्षों में प्रदेश के पटवारियों के वेतनमान में कोई वृद्धि नहीं की गई हैं जबकि पटवारियों से पूरे सेवाकाल में कार्य लेने वाले राजस्व विभाग एवं उसकी पद स्थापना वाले भू अभिलेख विभाग के सभी पदोन्नत पदों राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीदार, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख, तहसीलदार, अधीक्षक भू अभिलेखद्ध के वेतनमान में कई बार वृद्धि की गई। पटवारी वेतनमान पे ग्रेड 2800 हेतु वर्ष 2007 पटवारी महाअधिवेशन सनावद में घोषणा की गई थी। इस दौरान अनेक पटवारी हड़ताल में शामिल हुए।

# ईद मिलादुन्नबी में निकला जुलूस

मंडला यशोः- ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर पैदल जुलूस सुबह 9 बजे मंडला रब्बानी चौक से एवं पौड़ी महाराजपुर से सुबह 8:30 बजे पैदल जुलूस की शुरुआत हुई। शहर में जगह-जगह लंगर का आयोजन किया गया एवं जुलूस का स्वागत किया गया। जुलूस शहर भ्रमण कर लगभग 1:00 बजे रब्बानी चौक में समापन किया गया। इसमें बड़ी सं या में समाज के बड़े-बूढ़े नौजवान उपस्थित रहे।

# उज्जैन में मासूम बेटी के साथ हुई घटना के अपराधी को मिलेगा कठोर दंड -मु यमंत्री

भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि उज्जैन में मासूम बेटी के साथ हुई घटना बहुत जघन्य और गंभीर है। घटना का अपराधी गिर तार कर लिया गया है। मु यमंत्री ने भोपाल में मीडिया से चर्चा के दौरान यह बात कही।

मु यमंत्री चौहान ने कहा कि अपराधी को सजा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उसे कठोरतम सजा दिलाई जाएगी। अपराधी पकड़ने में घायल हुआ है। वह उज्जैन का ही है। बेटी मध्यप्रदेश की है, उसकी हर तरह से चिंता करेंगे। अपराधी ने मध्यप्रदेश की आत्मा को घायल किया है। मैं लगातार हर घंटे वस्तुस्थिति का पता कर रहा था। ऐसे व्यक्ति समाज में रहने के काबिल नहीं है। ऐसे अपराधी को कठोरतम दंड जरूर मिलेगा।

# शहीद भगत सिंह जयंती मनाई गई



मंडला यशोः- हम फाउंडेशन भारत संगठन एवम जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यो के द्वारा आज भगत सिंह जी की 116 वी जयंती के अवसर पर सराफा बाजार बुधवारी चौक स्थित प्रतिमा में सभी सदस्यों द्वारा माल्यार्पण किया गया। आज के माल्यार्पण में राजेश मिश्रा, अखिलेश सोनी, मुकेश कछवाहा, बब्बी ऋषि राय, विनोद चौधरी, हेमंत सोनी उपस्थित रहे।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा, नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297